महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय) *(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में शरद देशमुख के सफलता का दौर जारी

## एक सप्ताह के भीतर चार प्रतियोगिताओं में मिली कामयाबी

वर्धा दि. 11 अक्टूबर 2012 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के एम.ए. जनसंचार के छात्र शरद देशमुख का वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में जीत का सिलसिला लगातर जारी है। गत सप्ताह देशमुख ने अलग-अलग चार प्रतियोगिताओं में विजय हासिल किया है। तीन प्रतियोगिताओं में उन्हें प्रथम और एक में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। माधवराव पाटिल महाविद्यालय, मुरूम, (उस्मानाबाद) द्वारा आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के जन्मदिवस पर आयोजित वक्तृत्व स्पर्धा में उन्हें प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। वही अन्याय संघर्ष समिति रावेगांव में विदर्भ स्तरीय खुली प्रतिस्पर्धा में उन्हें प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त स. मु. कला, वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित सं. भु. करंडक राजस्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में देशमुख दूसरे स्थान पर रहे।



इससे पहले देशमुख सौ से ज्यादा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने बारहवीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान ही वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू कर दिया था। उनकी इस कामयाबी पर हर्ष जताते हुए संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. अनिल कुमार राय 'अंकित' ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिताओं में विजय हासिल करने से दूसरे छात्रों के उत्साह में वृद्धि होती है। केंद्र के दूसरे विद्यार्थियों को देशमुख से प्रेरणा लेने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि दूसरे छात्रों को भी वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहिए ताकि उनके व्यक्तित्व का सही विकास हो सके।

इन प्रतिस्पर्धाओं में देशमुख के विजयी होने पर उन्हें संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के सहायक प्रोफेसर धरवेश कठेरिया, डॉ. अख्तर आलम, राजेश लेहकपुरे, रेणु सिंह, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे समेत सभी छात्र-छात्राओं ने बधाई दी है।

बी. एस. मिरगे

जनसंपर्क अधिकारी